हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

ग्यारहवां सत्र

मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

शुक्रवार, 20 मार्च, 2026/29, फाल्गुन, 1947 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न 2

खाली सरकारी भवन

***3538 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में कौन से सरकारी भवन कब से रिक्त पड़े हैं तथा इनको उपयोग में नहीं लाया जा रहा है; भवनों के नाम व इनके निर्माण हेतु व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा विभागवार व जिलावार दें;

(ख) इनका निर्माण किस उद्देश्य हेतु किया गया था तथा इनका उपयोग न होने के क्या कारण हैं; और

(ग) इन भवनों का उपयोग न होने के लिए कौन उत्तरदायी है; क्या प्रदेश सरकार इनका उपयोग करने का विचार रखती है; विभागवार, भवनवार व जिलावार ब्यौरा दें?

सहकारी सभाएं

*3583 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कितनी सहकारी सभाएं पंजीकृत हैं तथा इनमें से कितनी सभाएं ऋण बकाए दार/अनियमित कार्यप्रणाली की श्रेणी में हैं; गत तीन वर्षों में दिनांक 31.10.2025 तक सहकारी विभाग द्वारा कितने अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई तथा उनमें से कितनों को दंडित किया गया है; और

(ख) विभाग द्वारा आरंभ की गई एकमुश्त निपटान (One Time Settlement) योजना के अंतर्गत कुल कितने प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं; मामलों का पूर्ण ब्यौरा संस्थावार, पतेवार, स्वीकृति की तिथिवार, कुल बकाया धनराशिवार तथा निपटान धनराशिवार दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

13 मार्च, 2026 . **सचिव**